### उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग

# स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी

# (Health Education Officer)

# सॉल्व्ड पेपर

**एवं**

# प्रैक्टिस बुक


**प्रधान सम्पादक**

Anand K. Mahajan

**संपादन एवं संकलन**

परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण, चरन सिंह

**सम्पादकीय कार्यालय**

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

**9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**



**© All Rights Reserved with Publisher**



**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने रूप प्रिंटिंग प्रेस, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज के लिए प्रकाशित किया।


इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

**मूल्य : 595/-**

# विषय-सूची

## सॉल्व्ड पेपर

■ UPPSC स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी (Health Education Officer) परीक्षा 2005 व्याख्या सहित हल....3-23

## प्रैक्टिस सेट

■ प्रैक्टिस सेट-1 ---------- 24-34
■ प्रैक्टिस सेट-1 का व्याख्या सहित हल ---------- 34-43
■ प्रैक्टिस सेट-2 ---------- 44-56
■ प्रैक्टिस सेट-2 का व्याख्या सहित हल ---------- 56-65
■ प्रैक्टिस सेट-3 ---------- 66-76
■ प्रैक्टिस सेट-3 का व्याख्या सहित हल ---------- 76-85
■ प्रैक्टिस सेट-4 ---------- 86-96
■ प्रैक्टिस सेट-4 का व्याख्या सहित हल ---------- 96-106
■ प्रैक्टिस सेट-5 ---------- 107-117
■ प्रैक्टिस सेट-5 का व्याख्या सहित हल ---------- 117-126
■ प्रैक्टिस सेट-6 ---------- 127-137
■ प्रैक्टिस सेट-6 का व्याख्या सहित हल ---------- 137-146
■ प्रैक्टिस सेट-7 ---------- 147-157
■ प्रैक्टिस सेट-7 का व्याख्या सहित हल ---------- 157-166
■ प्रैक्टिस सेट-8 ---------- 167-176
■ प्रैक्टिस सेट-8 का व्याख्या सहित हल ---------- 176-185
■ प्रैक्टिस सेट-9 ---------- 186-195
■ प्रैक्टिस सेट-9 का व्याख्या सहित हल ---------- 195-204
■ प्रैक्टिस सेट-10 ---------- 205-214
■ प्रैक्टिस सेट-10 का व्याख्या सहित हल ---------- 214-223
■ प्रैक्टिस सेट-11 ---------- 224-233
■ प्रैक्टिस सेट-11 का व्याख्या सहित हल ---------- 233-242
■ प्रैक्टिस सेट-12 ---------- 243-252
■ प्रैक्टिस सेट-12 का व्याख्या सहित हल ---------- 252-262
■ प्रैक्टिस सेट-13 ---------- 263-273
■ प्रैक्टिस सेट-13 का व्याख्या सहित हल ---------- 273-282
■ प्रैक्टिस सेट-14 ---------- 283-292
■ प्रैक्टिस सेट-14 का व्याख्या सहित हल ---------- 292-301
■ प्रैक्टिस सेट-15 ---------- 302-311
■ प्रैक्टिस सेट-15 का व्याख्या सहित हल ---------- 311-320

# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
# स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी परीक्षा - 2005
## ( व्याख्या सहित हल )

**1. Which of the following breeds of goat is suitable for stall-feeding:/बकरी की निम्नलिखित नस्लों में कौन बाँधकर खिलाने के लिये उपयुक्त है:**

(a) Barber/बरबरी (b) Jamunapari/जमुनापारी
(c) Beetal/बीटल (d) Malabari/मलाबारी

**Ans. (c) :** बकरी की 'बीटल' नस्ल की बकरी को बाँधकर खिलाने के लिये उपयुक्त है। यह नस्ल दूध और मांस दोनों के लिए उपयागी है, तथा बोअर (मांस उत्पादन के लिए प्रसिद्ध विदेशी नस्ल) के साथ क्रॉसब्रीडिंग से मांस उत्पादन, विकास दर और कारकास गुणवत्ता में सुधार होता है। भारत में (विशेषकर पंजाब और उत्तर प्रदेश)।

**2. Predominant sugar in fruits is:/फलों में प्रमुख शर्करा होती है:**

(a) Glucose/ग्लूकोस (b) Fructose/फ्रक्टोस
(c) Maltose/माल्टोस (d) Sucrose/सुक्रोस

**Ans. (b) :** फलों में प्रमुख शर्करा फ्रक्टोस होती है, जिसे फल शर्करा भी कहते हैं। क्योंकि यह प्राकृतिक रूप से फलों को मीठा स्वाद देती है। हालाँकि इनमें ग्लूकोल और सुक्रोज भी थोड़ी मात्रा में हैं। फ्रक्टोस शरीर के लिए ऊर्जा का एक अच्छा स्रोत है और यह फाइबर के साथ होने के कारण परिष्कृत चीनी से बेहतर होता है।

**3. Which one of the following is not correctly matched:/ निम्नलिखित में कौन सही सुमेलित नही है:**

(a) Hastinapur : Meerut/हस्तिनापुर : मेरठ
(b) Shringverpur : Banda/श्रृंग्वेरपुर : बाँदा
(c) Vindhyachal : Mirzapur/विन्ध्याचल : मिर्जापुर
(d) Dewa sharief : Barabanki/देवा शरीफ : बाराबंकी

**Ans. (b) :** सही सुमेलित इस प्रकार है-
(a) हस्तिनापुर - मेरठ
(b) श्रृंग्वेरपुर - प्रयागराज
(c) विन्ध्याचल - मिर्जापुर
(d) देवा शरीफ - बाराबंकी

**4. Which of the following districts of U.P. forms borders with Uttranchal, Haryana and Himachal Pradesh./यू.पी. के निम्नलिखित जनपदों में कौन उत्तरांचल, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश के साथ सीमा बनाता है:**

(a) Saharanput/सहारनपुर
(b) Meerut/मेरठ
(c) Muzaffarnagar/मुजफ्फरनगर
(d) Sonbhadra/सोनभद्र

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश का सहारनपुर जिला ही एकमात्र ऐसा जनपद है, जो उत्तराखण्ड, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश राज्यों के साथ अपनी सीमा साझा करता है, जो कि यमुना नदी के किनारे शिवालिक पहाड़ियों के पास स्थित है और उत्तर प्रदेश के सबसे उत्तरी भाग में है।

**5. The number of districts included in the Bundelkhand Economic zone is:/बुन्देलखण्ड आर्थिक क्षेत्र मे जनपदों की संख्या है:**

(a) 5 (b) 6 (c) 7 (d) 8

**Ans. (c) :** बुंदेलखंड आर्थिक क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के 7 जिले (झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा, और चित्रकूट) और मध्य प्रदेश के 6 जिले (दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, दमोह और सागर) शामिल हैं, यानी कुल 13 जिले हैं, जिन्हें आर्थिक और विकासात्मक दृष्टि से इस क्षेत्र में गिना जाता है।

**6. Early maturing variety of mango is:/शीघ्र पकने वाली आम की किस्म है:**

(a) Kishen Bhog/किशन भोग
(b) Fajri/फजरी
(c) Bombay green/'बाम्बे ग्रीन
(d) Dashehri/दशहरी

**Ans. (c) :** 'बाम्बे ग्रीन' आम की एक शीघ्र पकने वाली किस्म है, जिसका अर्थ है कि यह अन्य किस्मों (किशन भोग, फजरी, दशहरी) की तुलना में जल्दी तैयार हो जाती है। यह मुख्य रूप से उत्तरी भारत में उगाई जाती है और अपने विशिष्ट स्वाद और सुगन्ध के लिए जानी जाती है।

**7. Match List-i with List-II and select the correct answer from the code given below:**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चूनिये:**

| List-I (Place)/ सूची-I (स्थान) | | List-II (Monument)/ सूची-II (स्मारक) | |
|---|---|---|---|
| A | Deoband/ देवबंद | 1 | Kabirdas's Memorial/कबीरदास का स्मारक |
| B | Maghar/ मगहर | 2 | Dar-ul-Ulum/ दारुल-उलूम |
| C | Bithoor/ बिठूर | 3 | Lion capitol/सिंह स्तम्भ |
| D | Sarnath/ सारनाथ | 4 | Valmiki's ashram/वाल्मीकि का आश्रम |

**Code:/कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**Ans. (a) :** सही सुमेलित इस प्रकार हैं -

| **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|
| **स्थान** | | **स्मारक** |
| देवबंद | - | दारुल-उलूम |
| मगहर | - | कबीरदास का स्मारक |
| बिठूर | - | वाल्मीकि आश्रम |
| सारनाथ | - | सिंह स्तंभ |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**8. By which amendment in the constitution the Education, which was formerly in the state list, has been brought to concurrent list:**
**संविधान के किस संशोधन द्वारा शिक्षा, जो पहले राज्य सूची में थी, उसे समवर्ती सूची में लाया गया है:**

(a) 26th/26वां (b) 42nd/42वां
(c) 24th/24वां (d) 46th/46वां

**Ans. (b) :** संविधान के 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा शिक्षा, जो पहले राज्य सूची (सप्तम अनुसूची की सूची-II) में थी, को समवर्ती सूची (सूची-III) में स्थानांतरित किया गया। इस संशोधन के तहत शिक्षा के अलावा जंगल, माप-तौल, जंगली जानवरों और पक्षियों की रक्षा, तथा न्याय प्रशासन जैसे विषय भी राज्य सूची से समवर्ती में लाए गए।

**9. Which of the following cities is not situated on the right bank of river Ganga:**
**निम्नलिखित नगरों में कौन गंगा नदी के दाहिने किनारे पर स्थित नही है:**

(a) Allahabad/इलाहाबाद (b) Haridwar/हरिद्वार
(c) Varanasi/वाराणसी (d) Kanpur/कानपुर

**Ans. (c) :** वाराणसी, गंगा नदी के बायें किनारे पर स्थित है, जबकि प्रयागराज (इलाहाबाद), हरिद्वार और कानपुर दायें किनारे पर स्थित शहर है।

**10. Which region of U.P. is composed of oldest rocks of the Archean age:**
**उ.प्र. का कौन क्षेत्र आद्य कल्प की प्राचीनतम शैलों से निर्मित है:**

(a) Siwalik/शिवालिक
(b) Vindhyachal/विन्ध्याचल
(c) Rohailkhand/रुहेलखण्ड
(d) Bundelkhand/बुन्देलखण्ड

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश का बुंदेलखण्ड क्षेत्र आद्य कल्प (आर्कियन युग) की प्राचीनतम शैलों से निर्मित है। यह क्षेत्र बुंदेलखण्ड क्रेटान का हिस्सा है, जिसमें मुख्य रूप से आर्कियन ग्रेनाइटॉइड्स, नीस और अन्य प्राचीन रूपान्तरित शैलें पाई जाती हैं, जो पृथ्वी की सबसे पुरानी चट्टानों में से हैं (लगभग 3.5 अरब वर्ष पुरानी)।

**11. Which of the following types of soil is found in the Bhaber region of Uttar Pradesh:**
**उत्तर प्रदेश के भाबर क्षेत्र में निम्नलिखित में से किस प्रकार की मृदा पाई जाती है:**

(a) Fine alluvium/महीन जलोढ़
(b) Swampy/दलदली
(c) Pebbly and bouldery/कंकरीली व पथरीली
(d) Bhur/भूर

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश के भाबर क्षेत्र में मुख्य रूप से कंकरीली व पथरीली मृदा पाई जाती है, जो कंकड़, पत्थरों और मोटे रेत के कणों से बनी होती है। यह मृदा छिद्रपूर्ण (Porous) और उथली (Shallow) होती है, जिसके कारण नदियाँ यहाँ भूमिगत हो जाती हैं और कृषि के लिए अनुपयुक्त है। केवल बड़े पेड़ों की जड़ें ही इसमें पनप सकती हैं।

**12. There is a chief metropolitan magistrate in:**
**मुख्य मैट्रोपॉलिटन मेजिस्ट्रेट है:**

(a) Lucknow/लखनऊ में (b) Agra/आगरा में
(c) Allahabad/इलाहाबाद में (d) Kanpur/कानपुर में

**Ans. (d) :** वर्तमान में उत्तर प्रदेश में मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट स्थल 7 है। (लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर नगर, वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद, प्रयागराज) प्रश्नकाल के समय कानपुर था।

**13. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below:**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चूनिये:**

| **List-I (Airport)/ सूची-I (हवाई अड्डा)** | | **List-II (City) /सूची-II (नगर)** | |
|---|---|---|---|
| **A** | **Bamrauli/बमरौली** | **1** | **Ghaziabad/गाजियाबाद** |
| **B** | **Chakeri/ चकेरी** | **2** | **Rae Bareli/राय बरेली** |
| **C** | **Hindon/हिंडॉन** | **3** | **Kanpur/कानपुर** |
| **D** | **Fursatganj/ फुर्सतगंज** | **4** | **Allahabad/इलाहाबाद** |

**Code:/कूट:**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**Ans. (d) :** निम्न प्रकार से सुमेलित है -

| **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|
| **( हवाई अड्डा )** | | **( नगर )** |
| बमरौली | - | प्रयागराज (इलाहाबाद) |
| चकेरी | - | कानपुर |
| हिंडॉन | - | गाजियाबाद |
| फुर्सतगंज | - | रायबरेली |

विकल्प (d) सही सुमेलित है।

**14. What age a person must have attained to qualify for standing in a Panchayat election:**
**पंचायत चुनाव लड़ने हेतु एक व्यक्ति की आयु निम्नलिखित में कितनी होनी चाहिये:**

(a) 18 years/18 वर्ष (b) 21 years/21 वर्ष
(c) 25 years/25 वर्ष (d) 30 years/30 वर्ष

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव (ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत) लड़ने के लिए व्यक्ति की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। भारतीय संविधान के 73वें संशोधन (1992) के अनुसार, पंचायती राज संस्थाओं में चुनाव लड़ने की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई हैं।
• उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 में भी यही आयु सीमा लागू होती है।

**15. The Mayor in the cities of U.P. is elected:**
**उ.प्र. के नगरों महापौर का निर्वाचन होता है:**
(a) By members of Nagar Nigam/नगर निगम के सदस्यों द्वारा
(b) By members of Nigam's executive committee/नगर निगम की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा
(c) Directly by the electors of the city/सीधे नगर के निर्वाचकों द्वारा
(d) By members of the largest political party in the Nigam/निगम में सबसे बड़े राजनैतिक दल के सदस्यों द्वारा

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश के नगरों के महापौर का निर्वाचन सीधे नगर के निर्वाचकों द्वारा होता है। 74वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 जिसे नगरपालिका अधिनियम के रूप में भी जाना जाता है।

**16. Which of the following cities does not have a Nagar Nigam:**
**निम्नलिखित नगरों में किसमें नगर निगम नही है:**
(a) Rae Bareli/राय बरेली (b) Kanpur/कानपुर
(c) Ghaziabad/गाजियाबाद (d) Bareilly/बरेली

**Ans. (a) :** दिये गये विकल्पों में रायबरेली नगर निगम नहीं है। उत्तर प्रदेश में कुल 17 नगर निगम है। शाहजहाँपुर को 17वाँ नगर निगम बनाया गया।

**17. The Panchayat elections are held:**
**पंचायतों के निर्वाचन होते हैं:**
(a) Every five years/प्रत्येक पाँच वर्ष में
(b) Every six years/प्रत्येक छः वर्ष में
(c) As per desire of the state Government/राज्य सरकार की इच्छानुसार
(d) As per desire of the central Government/केन्द्र सरकार की इच्छानुसार

**Ans. (a) :** पंचायतों के चुनाव भारत के संविधान के अनुच्छेद 243E के अनुसार प्रत्येक पाँच वर्ष में होते हैं। यह अवधि पंचायत की पहली बैठक की तारीख से शुरू होती है। यदि पंचायत पहले भंग कर दी जाती है, तो 6 महीने के अंदर चुनाव कराना अनिवार्य है।

**18. Lok Ayukta in Uttar Pradesh is appointed by:**
**उत्तर प्रदेश में लोक आयुक्त की नियुक्ति की जाती है:**
(a) Governor/राज्यपाल द्वारा
(b) Chief Justice/मुख्य न्यायाधीश द्वारा
(c) Chief Minister/मुख्य मंत्री द्वारा
(d) Speaker of Vidhan Sabha/विधान सभा के स्पीकर द्वारा

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है। यह उत्तर प्रदेश लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1975 की धारा 3(1) के अनुसार होगा। मुख्यमंत्री की सलाह पर जिसमें मुख्य न्यायाधीश और विपक्ष के नेता से परामर्श अनिवार्य है।

**19. Taj International Airport is being built in the disrtrict of:**
**ताज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण किया जा रहा है:**
(a) Agra/आगरा जनपद में
(b) Gautam Buddha Nagar/गौतम बुद्ध नगर जनपद में
(c) Etawah/इटावा जनपद में
(d) Lucknow/लखनऊ जनपद में

**Ans. (b) :** ताज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जिसे नोयडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नाम से जाना जाता है। उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जनपद के जेवर में किया जा रहा था। नोयडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (जेवर) जो कि एक नया कार्यात्मक हवाई अड्डा हैं

**20. The local Government institutions in the urban areas o U.P. are:/उत्तर प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में स्थानीय शासन इकाइयाँ हैं:**
**1. Nagar Panchayat/नगर पंचायत**
**2. Nagar Palika Parishad/नगर पालिका परिषद**
**3. Vikas Pradhikaram/विकास प्राधिकरण**
**4. Nagar Nigam/नगर निगम**
**Select the correct answer from the code given below:**
**नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये:**
**Code:/कूट:**
(a) 1 and 2 only/केवल 1 तथा 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 तथा 3
(c) 2, 3 and 4 only/केवल 2, 3 तथा 4
(d) 2, 3 and 4 only/केवल 2, 3 तथा 4

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में स्थानीय शासन की इकाईयाँ हैं- नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद, और नगर निगम। विकास प्राधिकरण एक विशेष प्रयोजन एजेंसी है, न कि स्थानीय शासन की प्राथमिक इकाई है।

**21. Which of the following is the most densely populated district of Uttar Pradesh as per 2001 census:**
**2001 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में किस जनपद में जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक है:**
(a) Allahabad/इलाहाबाद (b) Kanpur/कानपुर
(c) Varanasi/वाराणसी (d) Lucknow/लखनऊ

**Ans. (c) :** प्रश्नानुसार, 2001 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक जनघनत्व वाला जिला वाराणसी था। 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनघनत्व वाला जिला गाजियाबाद ही है।

**22. To constitute a municipal board the minimum required population of a city must be:**
**नगर पालिका के गठन हेतु किसी नगर की न्यूनतम आवश्यक जनसंख्या होनी चाहिये:**
(a) 10,000 (b) 20,000
(c) 50,000 (d) 1,00,000

**Ans. (b) :** नगर पालिका के गठन हेतु किसी नगर की न्यूनतम जनसंख्या 20,000 होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश में नगर पालिका परिषद के गठन के लिए न्यूनतम आवश्यक जनसंख्या स्पष्ट रूप से कोई निश्चित न्यूनतम सीमा कानून में निर्धारित नहीं है। यह राज्य सरकार के विवेक और विभिन्न मानकों (जैसे-जनसंख्या, जनघनत्व, गैर-कृषि आय, आर्थिक स्थिति आदि) पर निर्भर करता है।

**23. Which of the following statements about the Governor of a state is not correct:**
**राज्य के राज्यपाल से संबंधित निम्नलिखित कथनों में कौन सत्य नही है:**

(a) He is appointed by President of India/वह भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त होता है।
(b) He can be Government of more than one state/वह एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है।
(c) He remains in office for five years/वह पाँच वर्ष तक पद पर रहता है।
(d) He can be removed by Legislature of the concerned state/वह सम्बंधित राज्य की विधायिका द्वारा हटाया जा सकता है।

**Ans. (d) :** राज्य के राज्यपाल संबंधित राज्य की विधायिका द्वारा नहीं हटाया जा सकता है। बल्कि राष्ट्रपति द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 156 के तहत राज्यपाल को हटा सकता है।

- राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 155 के अनुसार, राज्यपाल को नियुक्ति कर सकता है।
- राज्यपाल एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है। अनुच्छेद 153
- अनुच्छेद 156(3) के अनुसार राज्यपाल अपने पद ग्रहण की तारीख से पाँच वर्ष की अवधि तक पद धारण करेगा।

**24. The main problem of local-Self Government Institutions is:**
**स्थानीय स्वायत्तशासी संस्थानों की प्रमुख समस्या है:**

(a) Indifferent attitude towards public problems/जनता की समस्याओं के प्रति उदासीन दृष्टिकोण
(b) Unsatisfactory financial condition/असंतोषजनक वित्तीय स्थिति
(c) Incompetent working class/अकुशल कार्मिल वर्ग
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** स्थानीय स्वायत्तशासी संस्थानों की प्रमुख समस्या-जनता की समस्याओं के प्रति उदासीन दृष्टिकोण, असंतोषजनक वित्तीय स्थिति, अकुशल कार्मिक वर्ग सभी हैं।

**25. Which of the following trap crops is used for protecting the cabbage crop against pests?**
**पातगोभी की फसल को पीड़कों से बचाने के लिये निम्नलिखित जाल फसलों में किसका प्रयोग किया जाता है?**

(a) Marigold/गेंदा (b) Mustard/सरसों
(c) Garlic/लहसुन (d) 'Methi'/मेथी

**Ans. (b) :** पातगोभी की फसल को पीड़कों से बचाने के लिए भारती सरसों, कोलार्ड ग्रीन्स, मूली, नस्टर्टियम जैसी फसलों का प्रयोग जाल फसलों के रूप में किया जाता हैं
भारतीय सरसों पत्ता गोभी की प्रमुख पीड़क, डायमंडबैक मॉथ और माहू को आकर्षित करने में बहुत प्रभावी मानी जाती है।

**26. The amount of carbon dioxide in the soil is:**
**मृदा मे कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा होती है:**

(a) 0.5% (b) 1.0%
(c) 1.5% (d) 2.0%

**Ans. (a) :** मृदा में कार्बनडाइऑक्साइड ($CO_2$) की मात्रा वायुमण्डल से काफी अधिक होती है, जो आमतौर पर 0.1% से 0.3% या उससे भी ज्यादा हो सकती है। अतः प्रश्नानुसार 0.5% होगा।

**27. The oldest living city of Uttar Pradesh is:**
**उत्तर प्रदेश का प्राचीन जीवन्त नगर है:**

(a) Ayodhya/अयोध्या (b) Kannauj/कन्नौज
(c) Allahabad/इलाहाबाद (d) Varanasi/वाराणसी

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश का प्राचीनतम जीवन्त नगर वाराणसी (काशी या बनारस) है, को दुनिया के सबसे पुराने निरंतर बसे हुए शहरों में से एक माना जाता है। 3000 वर्षों से भी पुराना नगर माना जाता है, जो भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

**28. Which of the following is a secondary mineral:**
**निम्नलिखित में कौन उत्तरजात खनिज है:**

(a) Quartz/क्वार्ट्ज (b) Mica/अभ्रक
(c) Apatite/एपेटाइट (d) Kaolinite/केओलिनाइट

**Ans. (d) :** उत्तरजात खनिज (जिसे द्वितीयक खनिज भी कहा जाता है) वे खनिज जो पहले मौजूद खनिजों के परिवर्तन या अपक्षय से बनते हैं। केओलिनाइट एक मिट्टी का खनिज है जो मुख्य रूप से फेल्डस्पार जैसे प्राथमिक खनिजों केक रासायनिक अपक्षय द्वारा बनता है।

**29. Drip inigation is most suitable for:**
**बूंद-बूंद सिंचाई उपयुक्त है:**

(a) Tree fruits/वृक्षीय फलों के लिये
(b) High priced vegetables/उच्च कीमत वाली सब्जियों के लिये
(c) Tea garden/चाय बागान के लिये
(d) All of the above/उपरोक्त सभी के लिये

**Ans. (d) :** बूंद-बूंद सिंचाई (ड्रिप सिंचाई) वृक्षीय फलों के लिए, उच्च कीमत वाली सब्जियों के लिए, चाय बगानों के लिए, उपयुक्त है। इस विधि से पौधों की जड़ों तक पानी पहुँचाकर पानी की बर्बादी को कम किया जा सकता है। इसलिए यह सभी विकल्पों के लिए उपयुक्त है।

**30. Which of the following canals irrigates the largest area in Uttar Pradesh:/निम्नलिखित में कौन नहर उत्तर प्रदेश में अधिकतम क्षेत्रफल की सिंचाई करती है:**

(a) Upper Ganga canal/अपर गंगा नहर
(b) Lower Ganga canal/लोवर गंगा नहर
(c) Sarda Canal/सारदा नहर
(d) Ramganga canal/रामगंगा नहर

**Ans. (c) :** शारदा नहर प्रणाली भारत के उत्तर प्रदेश राज्य की सबसे बड़ी नहर प्रणाली है और राज्य के अधिकतम क्षेत्र की सिंचाई करती है। यह बनवासा के पास शारदा नदी निकलती है।

**31. The per capita consumption of animal protein in U.P. is:/यू.पी. में पशु-प्रोटीन का प्रति व्यक्ति उपभोग है:**

(a) 3 g (b) 5 g
(c) 7 g (d) 9 g

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश में 2004-05 (NSSO 61st राउंड) में प्रति व्यक्ति दैनिक कुल प्रोटीन उपभोग लगभग 65 ग्राम था। जो राष्ट्रीय औसत (57 g) से अधिक था। वहीं वर्तमान में (NSSO, 2023-24) उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति दैनिक कुल प्रोटीन उपभोग लगभग 58 ग्राम है।

NSSO 61st राउंड रिपोर्ट (2004-05) के आधार पर UP में कुल प्रोटीन उपभोग 63gm (ग्रामीण) था, जिसमें पशु प्रोटीन (दूध+मांस/अंडा/मछली) का हिस्सा 12% (मुख्यतः दूध से, क्योंकि दुग्ध उत्पादन में UP सर्वोच्च है।, यानी 7gm होगा।

अतः उत्तर (c) 7g है।

**32. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below:**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनियेः**

| | List-I (Towns)/ सूची-I (नगर) | | List-II (Rivers) /सूची-II (नदियां) |
|---|---|---|---|
| A | Cgutrakoot/चित्रकूट | 1 | Yamuna/यमुना |
| B | Jaunpur/जौनपुर | 2 | Gomti/गोमती |
| C | Mathura/मथुरा | 3 | Saryu/सरयू |
| D | Ayodhya/अयोध्या | 4 | Mandakini/ मंदाकिनी |

**Code/कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**Ans. (b) :** सही सुमेलित इस प्रकार -

| **नगर** | - | **नदियाँ** |
|---|---|---|
| चित्रकूट | - | मंदाकिनी |
| जौनपुर | - | गोमती |
| मथुरा | - | यमुना |
| अयोध्या | - | सरयू |

**33. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below:**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनियेः**

| | List-I (Places)/ सूची-I (स्थान) | | List-II (Industry)/ सूची-II (उद्योग) |
|---|---|---|---|
| A | Firozabad/फिरोजाबाद | 1 | Leather goods/ चर्म-माल |
| B | Kanpur/कानपुर | 2 | Glass bangles /काँच की चूड़ियाँ |
| C | Najibabad/नजीबाबाद | 3 | Paper and pulp/ कागज व लुग्दी |
| D | Saharanpur/सहारनपुर | 4 | Plywood/प्लाईवुड |

**Code/कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**Ans. (c) :** सही सुमेलित इस प्रकार है-

| **स्थान** | - | **उद्योग** |
|---|---|---|
| फिरोजाबाद | - | कांच की चूड़ियाँ |
| कानपुर | - | चर्म-माल |
| नजीबाबाद- | | प्लाईवुड |
| सहारनपुर | - | कागज व लुग्दी |

**34. The Narora Atomic Power Station is located in the district of:**
**नरौरा आणविक बिजली संयंत्र अवस्थित है:**

(a) Aligarh/अलीगढ़ जिले में
(b) Agra/आगरा जिले में
(c) Bulandshahr/बुलन्दशहर जिले में
(d) Merath/मेरठ जिले में

**Ans. (c) :** नरौरा आणविक बिजली स्टेशन उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिला के नरौरा में गंगा नदी के तट पर स्थित है। इसका संचालन भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम (NPCIL) द्वारा किया जाता है, जो परमाणु ऊर्जा विभाग (DEA) के अधीन कार्यरत है।

यह भारत का पहला परमाणु ऊर्जा केन्द्र जो मानकीकृत तथा स्वदेशी रूप से विकसित PHWR प्रौद्योगिकी का उपयोग करके बनाया गया है।

**35. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below:**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनियेः**

| | List-I (Industry)/ सूची-I (उद्योग) | | List-II (Place)/ सूची-II (स्थान) |
|---|---|---|---|
| A | Cement/सीमेंट | 1 | Saharanpur /सहारनपुर |
| B | Paper/कागज | 2 | Bareilly/बरेली |
| C | Electronics /इलेक्ट्रॉनिक्स | 3 | Churk/चुर्क |
| D | Furniture/फर्नीचन | 4 | Kanpur/कानपुर |

**Code/कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| **Ans. (b) :** सही सुमेलित इस प्रकार है - | | |
| **उद्योग** | **-** | **स्थान** |
| सीमेन्ट | - | चुर्क |
| कागज | - | सहारनपुर |
| इलेक्ट्रॉनिक्स | - | कानपुर |
| फर्नीचर | - | बरेली |

**36. The most important oil-seed crop of U.P. is:**
**यू.पी. की प्रमुखतम तिलहनी फसल हैः**

(a) Sunflower/सूरजमुखी
(b) Safflower/कुसुम
(c) Rape and Mustard/राई तथा सरसों
(d) Linseed/अलसी

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश की प्रमुख तिलहनी फसल राई-सरसों (Rapeseeds & mustard) है। उत्तर प्रदेश में सरसों की पैदावार 2025 तक बढ़कर लगभग 26 लाख टन पहुँच गई है। राज्य के कुल तिलहन क्षेत्र में राई-सरसों का हिस्सा सबसे अधिक है।

**37. The headquarter of the North Central Railway is located at:**
**उत्तर मध्य रेलवे का मुख्यालय अवस्थित हैः**

(a) Allahabad/इलाहाबाद में (b) Agar/आगरा मे
(c) Lucknow/लखनऊ में (d) Varanasi/वाराणसी में

**Ans. (a) :** उत्तर मध्य रेलवे का मुख्यालय इलाहाबाद में अवस्थित है। इसकी स्थापना 1 अप्रैल 2003 को हुई थी। इसके अन्तर्गत तीन प्रभाग शामिल हैं- झांसी, आगरा और प्रयागराज (इलाहाबाद)।

**38. The united provinces was named as Uttar Pradesh on:**
**संयुक्त प्रांत का नाम उत्तर प्रदेश हो गया थाः**

(a) 24.01.1949 (b) 26.01.1950
(c) 15.08.1950 (d) 01.04.1952

**Ans. (*) :** संयुक्त प्रान्त का नाम 24 जनवरी, 1950 को बदलकर उत्तर प्रदेश कर दिया गया। 24 जनवरी 1950 को भारत के गवर्नर जनरल ने संयुक्त प्रान्त (नाम परिवर्तन) आदेश, 1950 पारित किया, जिसके तहत इस राज्य को इसका वर्तमान नाम मिला। इस ऐतिहासिक दिन की याद में उत्तर प्रदेश सरकार हर साल 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस मनाती है।

**39. Which of the following districts has maximum forest cover:/निम्नलिखित जनपदों में कौन सर्वाधिक वनाच्छादित हैः**

(a) Lakhimpur–Kheri/लखीमपुर–खीरी
(b) Sone bhadra/सोनभद्र
(c) Pilibhit/पीलीभीत
(d) Chitrakoot/चित्रकूट

**Ans. (b):** प्रश्नकाल के समय उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक वनाच्छादित जनपद सोनभद्र था। फारेस्ट रिपोर्ट, 2023, के अनुसार, उत्तर पदेश में सर्वाधिक वनाच्छादित जनपद सोनभद्र (2,407.87 वर्ग किमी) है। न्यूनतम वनाच्छादित जनपद भदोही/संत रविदास नगर (5.22 वर्ग किमी) है। राज्य में कुल वनावरण और वृच्छावरण क्रमशः 23,996.72 वर्ग कि.मी है। जो प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 9.96% है।

**40. Which of the following places receives the highest rainfall during the rainy season:**
**निम्नलिखित स्थानों में वर्षा ऋतु में सर्वाधिक वर्षा होती हैः**

(a) Banda/बान्दा (b) Moradabad/मुरादाबाद
(c) Gorakhpur/गोरखपुर (d) Varanasi/वाराणसी

**Ans. (c) :** उपर्युक्त दिए गए स्थानों में सर्वाधिक वर्षा गोरखपुर में होती है। इसे उत्तर प्रदेश का चेरापूंजी भी कहा जाता है जहाँ औसतन वर्षा 184.7 सेंटीमीटर होती है। यह तराई क्षेत्र में स्थित होने के कारण हिमालय की तलहटी से आने वाली नमी के कारण यहाँ सबसे ज्यादा वर्षा होती है।

**41. According to present population policy, the minimum age for marriage for boys and girls respectively is:**
**वर्तमान जनसंख्या नीति के अनुसार, लड़कों तथा लड़कियों के विवाह के लिये न्यूनतम आयु क्रमशः हैः**

(a) 20 and 19 years/20 तथा 19 वर्ष
(b) 20 and 18 years/20 तथा 18 वर्ष
(c) 21 and 19 years/21 तथा 19 वर्ष
(d) 21 and 18 years/21 तथा 18 वर्ष

**Ans. (d) :** बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 और अन्य के अनुसार भारत में विवाह के लिए न्यूनतम आयु लड़कियों के लिए 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष है। हालाँकि सरकार महिलाओं के लिए इसे लड़कों के बराबर 21 वर्ष करने के लिए विधेयक (Child Marriage Prohibition Amendment Bill-2021) लाई है, जो अभी विचाराधीन है।

**42. Which of the following districts the lowest number of rural households below poverty line in Uttar Pradesh:**
**उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित जनपदों में किसमें गरीबों रेखा से नीचे सबसे कम ग्रामीण परिवार पाये जाते हैंः**

(a) Gaziabad/गाजियाबाद में (b) Meerut/मेरठ में
(c) Bagpat/बागपत में (d) Lucknow/लखनऊ में

**Ans. (c) :** प्रश्नकाल में उत्तर प्रदेश के जनपदों में सबसे कम गरीबी रेखा से नीचे ग्रामीण परिवार बागपत में पाए जाते हैं। क्योंकि यह जिला बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) और अन्य रिपोर्टों के अनुसार सबसे कम वंचित जिलों में से एक है।

**43. Which of the following pairs in not correct matched:/ निम्नलिखित युग्मों में कौन सही सुमेलित नही हैः**

| | **District/जनपद** | **Headquarter /मुख्यालय** |
|---|---|---|
| a | Ambedkar Nagar/अम्बेडकर नगर | Akbarpur/अकबरपुर |
| b | Gautam Baddha Nagar/गौतमबुद्ध नगर | Noida/नोएडा |
| c | Kanpur Dehat/ कानपुर देहात | Kanpur/कानपुर |
| d | Sant Kabir Nagar/संत कबीर नगर | Khalilabad/ खलीलाबाद |

| Ans. (c) : सही सुमेलित इस प्रकार है - | | |
|---|---|---|
| **जनपद** | **-** | **मुख्यालय** |
| अम्बेडकर नगर | - | अकबरपुर |
| गौतमबुद्ध नगर | - | नोएडा |
| कानपुर देहात | - | माती (अकबरपुर) |
| संत कबीर नगर | - | खलीलाबाद |

**44. The position of U.P. among the states of India in terms of area is:/क्षेत्रफल की दृष्टि से यू.पी. का भारत को राज्यों मे स्थान हैः**

(a) First/प्रथम (b) Fifth/पंचम
(c) Third/तृतीय (d) Seventh/सप्तम

**Ans. (*) :** क्षेत्रफल की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का भारत के राज्यों में चौथा स्थान है। जो राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बाद आता है। उत्तर प्रदेश का कुल क्षेत्रफल लगभग 240928 वर्ग किमी. है और यह भारत के कुल क्षेत्रफल का 7.33 प्रतिशत है। अतः उपर्युक्त दिए गए विकल्पों में कोई भी विकल्प सही नहीं है।

**45. Surha Tal bird sanctuary is located in:**
**सुरहा ताल पक्षी बिहार अवस्थित हैः**

(a) Azamgarh/आजमगढ़ में
(b) Hardoi/हरदोई में
(c) Pratapgarh/प्रतापगढ़ में
(d) Ballia/बलिया में

**Ans. (d) :** सुरहाताल पक्षी विहार (अब जय प्रकाश नारायण पक्षी विहार) उत्तर प्रदेश के बलियां जिले में स्थित है। यह एक प्राकृतिक गोखुर झील है और प्रवासी पक्षियों के लिए महत्वपूर्ण स्थल है। इसका कुल क्षेत्रफल 3443.93 हेक्टेयर है।

**46. The longest National Highway originating from U.P. is:/यू.पी. से शुरू होने वाला सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग हैः**

(a) NH-7/एन एच-7 (b) NH-11/ एन एच-11
(c) NH-02/ एन एच-02 (d) NH-03/ एन एच-03

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश से शुरू होने वाला सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग NH-2 है जिसे अब NH 19 के नाम से जाना जाता है, यह आगरा से शुरू होकर, फिरोजाबाद, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी जैसे शहरों से गुजरते हुए पश्चिम बंगाल के डंकुनी तक जाता है। यह ऐतिहासिक ग्रांड ट्रंक रोड (G.T. Road) का हिस्सा है, जो भारत के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण राजमार्गों में से एक है।

**47. In Uttar Pradesh the highest decadal growth of population (in per cent) has been observed during:/उत्तर प्रदेश में जनसंख्या की सर्वाधिक दशकीय वृद्धि (प्रतिशत में) देखी गई हैः**

(a) 1961-1971 (b) 1971-1981
(c) 1981-1991 (d) 1991-2001

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश में जनसंख्या की सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर 1991-2001 के बीच (25.85) देखी गई। वर्तमान 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश की दशकीय वृद्धि दर 20.09 प्रतिशत रही।

**48. The highest concentration of scheduled tribes in Uttar Pradesh is in the district of:**
**उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों की सर्वाधिक सांद्रता निम्नलिखित में किस जनपद में हैः**

(a) Banda/बान्दा
(b) Gonda/गोंडा
(c) Lakhimpur-Kheri/लखीमपुर-खीरी
(d) Sonbhadra/सोनभद्र

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश में 2001 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक अनुसूचित जनजातियों की सांद्रता वाला जनपद लखीमपुर-खीरी थी। इस जिले में अनुसूचित जनजातियों का प्रतिशत 1.2 था। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों की सर्वाधिक सांद्रता वाले जिले है-
सोनभद्र - 20.7%
ललितपुर - 5.91%
देवरिया - 3.54%
बलिया - 3.4%

**49. Which of the following sectors has been given top priority in development in the 10th Five Year Plan for U.P.:**
**उ.प्र. की 10वीं पंचवर्षीय योजना में निम्नलिखित क्षेत्रों में किसके विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई हैः**

(a) Industry/उद्योग (b) Agriculture/कृषि
(c) Power/ऊर्जा (d) Communication/संचार

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश की 10वीं पंचवर्षीय योजना (2002-07) में कृषि क्षेत्र की विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई थी। योजना का मुख्य वांछित लक्ष्य कृषि विकास दर को बढ़ाकर राज्य की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करना है।

**50. The first export promotion industrial park was established in U.P. in:/उ.प्र. में प्रथम निर्यात संवर्धन औद्योगिक उद्यान स्थापित किया गया थाः**

(a) Noida/नोएडा मे
(b) Greater Noida/वृहत नोएडा में
(c) Agra/आगरा में
(d) Moradabad/मुरादाबाद में

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश में पहला निर्यात संवर्धन औद्योगिक पार्क (EPIP) ग्रेटर नोएडा में स्थापित किया गया था। जिसे राज्य के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विकसित किया गया था और राज्य के पहले निर्यात संवर्धन औद्योगिक पार्कों में से एक है।

**51. The latest among the programmes for the rurla people is:/ग्रामीण जनता के लिये चलाये गये कार्यक्रमों में नवीनतम हैः**

(a) Swarna Jayanti Gram Swarojgar Yojna/स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना
(b) Sampurna Gramin Rozgan Yojna/सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना
(c) Pradhan Mantri Gramodaya Yojna/प्रधान मंत्री ग्रामोदय योजना
(d) Rashtriya Grmin Rozgar Guarantee Yojna/राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना

**Ans. (d) :** प्रश्नकाल में ग्रामीण जनता के लिए चलाए गए कार्यक्रमों में नवीनतम ''राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (2006)'' था। वर्ष 2009 में इसका नाम बदलकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम कर दिया गया।

उपर्युक्त दिए गए योजनाओं का प्रारम्भ होने का वर्ष इस प्रकार है -
- स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY) - अप्रैल 1999
- प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना (PMGY) - 2000-2001
- सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना (SGRY) सितम्बर - 2001

वर्तमान (2026) के सन्दर्भ में सबसे नवीनतम और महत्वपूर्ण ग्रामीण योजना : ग्रामीण समृद्धि और लचीलापन कार्यक्रम (Rural Presperity and Resilience Program) इसे केन्द्रीय बजट 2025-26 में घोषित किया गया है।

**52. Which of the following statements is not coreect:/निम्नलिखित कथनों में कौन सही नहीं है:**

(a) Gram Sabha and Gram Panchayat have the same territorial area/ग्राम सभा व ग्राम पंचायत का सीमा क्षेत्र एक ही है।

(b) Gram Panchaya and Nyay Panchayat have the same territorial area/ग्राम पंचायत व न्याय पंचायत का सीमा क्षेत्र एक ही है।

(c) Pradhan of a Gram Panchayat is elected by electors of the given area from amongst themselves/ग्राम पंचायत के प्रधान को दिये क्षेत्र के निर्वाचकों में से ही चुना जाता है।

(d) The term of Gram Panchayat is usually 5 years/ग्राम पंचायत का कार्यकाल सामान्यतः 5 वर्ष होता है।

**Ans. (b) :** ग्राम पंचायत व न्याय पंचायत का प्रादेशिक क्षेत्र है। एक नहीं होता है, ग्राम पंचायत एक गाँव या गाँव के समूह के लिए होती है जबकि न्याय पंचायत अक्सर तीन या चार ग्राम पंचायतों के समूह (एक न्याय क्षेत्र) के लिए स्थापित की जाती है जिसका उद्देश्य छोटे मोटे विवादों का त्वरित या सस्ता समाधान करना है।
अतः विकल्प (b) सही नहीं है।

**53. In which of the following schemes the contribution of Government of India is not 100%/निम्नलिखित योजनाओं मे किसमें भारत सरकार का अंशदान 100% नही है:**

(a) Rashtriya Audhyanik Mission/राष्ट्रीय औद्योनिक मिशन

(b) Rashtriya Gramin Swasthya Mission/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन

(c) Sam, Vikas Yojna/सम विकास योजना

(d) Swajal Dhara Yojna/स्वजल धारा योजना

**Ans. (a) :** स्वजल धारा योजना में केन्द्र सरकार का योगदान 90% है और राज्य सरकार 10% लागत वहन करती है। स्वजन धारा योजना भारत सरकार द्वारा दिसम्बर, 2002 में शुरू किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति का विकेन्द्रीकरण करना था। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत शुरू किया गया था।

**54. Which of the following is not shared by the centre and the state:/निम्नलिखित में कौन केन्द्र तथा राज्य के बीच बाँटा नहीं जाता है:**

(a) Income Tax/आयकर

(b) Excise Duty/उत्पाद कर

(c) Corporation Duty/निगम कर

(d) Sales Tax/Trade Tax/विक्री कर/व्यापार कर

**Ans. (c) :** निगम टैक्स एक प्रत्यक्ष कर है जो केन्द्र सरकार द्वारा कंपनियों की आय या मुनाफे पर लगाया जाता है। आयकर (गैर-कृषि आय पर लगाया जाता है) और उत्पाद शुल्क (कुछ वस्तुओं पर) के विपरीत, इससे उत्पन्न राजस्व पूरी तरह से केन्द्र सरकार का होता है और राज्यों के बीच वितरित नहीं किया जाता है। बिक्रीकर/व्यापार कर राज्य सरकार के राजस्व का स्रोत है।

**55. The main target of Integrated Rural Development Programme is to:**
**एकीकृत ग्राम विकास योजना का प्रमुख लक्ष्य है:**

(a) Help villagers in improving their in-come above the poverty line/ग्रामीणों को अपनी आय गरीबी रेखा के ऊपर ले जाने में सहायता देना

(b) Provide credit for agriculture/कृषि हेतु ऋण प्रदान करना

(c) Expand education and employment/शिक्षा तथा रोजगार का विस्तार करना

(d) Motivate for selft-employment/स्वरोजगाार हेतु प्रेरित करना

**Ans. (a) :** एकीकृत ग्राम विकास योजना का प्रमुख लक्ष्य ग्रामीण गरीबी को कम करना, ग्रामीण आबादी के सामाजिक, आर्थिक स्तर में सुधार करना और ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता व रोजगार के अवसर बढ़ाना है, जिससे वित्तीय सहायता, कौशल विकास, बुनियादी ढाँचे में सुधार और स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देना। यह योजना 1978 में शुरू किया गया था, जिसे बाद में 1980 में सभी ब्लॉकों में लागू किया गया। और अंततः 1999 में स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना में सम्मिलित कर दिया गया।

**56. The facility of crop insurance is provided by:**
**फसल-बीमा की सुविधा प्रदान की जाती है:**

(a) Life Insurance Corporation of India/भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा

(b) General Insurance Corporation/सामान्य बीमा निगम द्वारा

(c) Crop Insurance Corporation/फसल बीमा निगम द्वारा

(d) All of the above/उपरोक्त सभी के द्वारा

**Ans. (b) :** फसल बीमा की सुविधा मुख्य रूप से भारतीय सामान्य बीमा निगम द्वारा प्रदान की जाती है। यह निगम कृषि क्षेत्र में बीमा नामांकन के माध्यम से किसानों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सामान्य बीमा निगम का गठन 1972 में किया गया था।

**57. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below:**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये:**

| List-I/सूची-I | | List-II/सूची-II | |
|---|---|---|---|
| **A** | **NABARD/ नाबार्ड** | **1** | **Agriculture and rural bank/कृषि एवं ग्रामीण बैंक** |
| **B** | **IDBI/ आई डी बी आई** | **2** | **Industrial finance /औद्योगिक वित्त** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| C | Exim Bank/ एक्जिम बैंक | 3 | Storage of food grains /खाद्यान्न भण्डारण |
| D | FCI/एफ सी आई | 4 | Export-import finance/आयात-निर्यात वित्तीयन |

**Code/कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**Ans. (a) :** निम्न प्रकार से सुमेलित है।

नाबार्ड - कृषि एवं ग्रामीण बैंक

आई डी बी आई - औद्योगिक वित्त

एक्जिम बैंक - आयात-निर्यात वित्तीयन

एफ सी आई - खाद्यान्न भण्डारण

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**58. Which of the following schemes is centrally sponsored:**
**निम्नलिखित योजनाओं में कौन केन्द्र पूर्वनिर्धारित है:**

(a) Kanya Vidhyadhan Yojna/कन्या विद्याधन योजना
(b) Free distribution of tertbooks to all students in schools of Basic Shiksha Parishad/बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में सभी विद्यार्थियो को पाठ्यपुस्तकों का निःशुल्क वितरण
(c) Conpulsory games for all students from 6th to 12th class/कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियो के लिये खेल अनिवार्य
(d) Sarv Shiksha Abhiyan/सर्व शिक्षा अभियान

**Ans. (d) :** सर्वशिक्षा अभियान भारत के प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण के लिए शुरू किए गए प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है, जिसे 2001 में शुरू किया गया था। यह एक केन्द्र प्रायोजित योजना है, जिसका अर्थ है कि इसका वित्त पोषण केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच साझा किया जाता है।

**59. Voluntary organisations are not participating in the execution of:/स्वैच्छिक संगठन निम्नलिखित में किनके कार्यान्वयन में भागीदार नही है:**

(a) Vandematram Yojna/वन्देमातरम् योजना
(b) Swayam Siddha Project/स्वयं सिद्ध योजना
(c) Health System Development Project/स्वास्थ्य प्रणाली विकास परियोजना
(d) Maternit and Child Welfare Proramme/मातृ एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम

**Ans. (c) :** भारत में स्वैच्छिक संगठन वंदेमातरम योजना 2004, स्वयं सिद्ध योजना (2000-01) और मातृ एवं शिशु कल्याण कार्यक्रमों (1952) जैसे विभिन्न सामाजिक और कल्याणकारी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। स्वास्थ्य प्रणाली विकास परियोजना मुख्य रूप से एक सरकारी पहल है, जिसमें अक्सर अंतर्राष्ट्रीय वित्त पोषण होता है।

**60. The agency for execution of rural development programmes at the district level is:/ जनपद स्तर पर ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु एजेंसी है:**

(a) District Rural development agency/जिला ग्रामीण विकास एजेंसी
(b) District integrated development agency/जिला समन्वित विकास एजेंसी
(c) Rurla development directorate/ग्रामीण विकास निदेशालय
(d) Zila parishad/जिला परिषद

**Ans. (a) :** जनपद (जिला) स्तर पर ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु जिला ग्रामीण विकास एजेंसी है। यह एजेंसी ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के गरीबी उन्मूलन और विकास कार्यक्रमों के प्रबंधन, समन्वय और पर्यवेक्षण के लिए स्थापित किया गया था। इसका गठन 1980 में किया गया था।

**61. The Panchyat Finance Commission is appointed by the state Government:**
**पंचायत वित्त आयोग का गठन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है:**

**1. Every five years/प्रत्येक पाँच वर्ष पर**
**2. To review the financial position of Panchayats and Municipalities**
**पंचायतों तथा नगर निकायों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने के लिये**
**3. To recommend the distribution of state tax revenue between the state and the local bodies**
**राज्य तथा स्थानीय निकायों के बीच में राज्य कर के बँटवारे की संस्तुति करने के लिये**
**4. To suggest allocation of money for development plans of individual units**
**अलग-अलग इकाइयों की विकास योजनाओं के लिये धन का आवटन करने हेतु सुझाव देने के लिये**

**Select the correct answer from the code given below:**
**नीचे दिये गयो कूट से सही उत्तर चुनिये:**
**Code/कूटः**

(a) 1 and 2/1 तथा 2
(b) 2 and 3/2 तथा 3
(c) 3 and 4/3 तथा 4
(d) 1, 2 and 3/1, 2 तथा 3

**Ans. (d) :** राज्य वित्त आयोग का गठन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-I के तहत राज्यपाल द्वारा किया जाता है -

- राज्यपाल प्रत्येक पाँच वर्ष की समाप्ति पर आयोग का गठन करेगा।
- आयोग का प्राथमिक कार्य पंचायतों तथा नगर निकायों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करना।
- राज्य सरकार और स्थानीय निकायों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की सिफारिश करना।

**62. According to census 2001, the percentage of literacy in India is:/सन् 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में साक्षरता का प्रतिशत है:**

(a) 59.54% (b) 62.84%
(c) 64.80% (d) 66.76%

**Ans. (c) :** सन् 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में साक्षरता 64.80% था। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत मतें साक्षरता दर 74.04% है।

**63. National literacy Mission is related with:/राष्ट्रीय साक्षरता मिशन संबंधित है:**

(a) Adult education/प्रौढ़ शिक्षा से
(b) Adult education and eradication of illiteracy/प्रौढ़ शिक्षा व निरक्षरता उन्मूलन से
(c) Primary education/प्राथमिक शिक्षा से
(d) Secondary education/माध्यमिक शिक्षा से

**Ans. (b) :** राष्ट्रीय साक्षरता मिशन भारत सरकार का एक कार्यक्रम है जो 15-35 आयु वर्ग के निरक्षर वयस्को (महिलाओं, अनुसूचित जाति/जनजाति और अन्य वंचित समूहों पर विशेष ध्यान) को कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करने, देश से निरक्षता को समाप्त करने और साक्षरता दर बढ़ाने से संबंधित है, जिसकी शुरुआत 1988 में की गई थी और बाद में इसे 'साक्षर भारत' जैसे कार्यक्रमों के तहत पुनर्गठित किया गया।

**64. Which of the following is an example of the institution and association:/निम्नलिखित में कौन संस्था एवं समिति का उदाहरण है:**

(a) School/स्कूल
(b) Political party/राजनीतिक दल
(c) Family/परिवार
(d) Cricket club and family/क्रिकेट क्लब एवं परिवार

**Ans. (d) :** संस्था एक ऐसी प्रणाली है जिसमें नियम और प्रक्रियाएं शामिल होती हैं, जो मानवीय व्यवहार को व्यवस्थित करती हैं, जबकि संगठन एक विशिष्ट उद्देश्य के लिए गठित लोगों का समूह होता है।

• विद्यालय, राजनीतिक दल और परिवार, ये सभी संस्थाओं उदाहरण हैं, क्योंकि ये सामाजिक व्यवहार की स्थापित प्रणालियाँ हैं।
• क्रिकेट क्लब एक संस्था है, एक समूह है जो विशेष रूप से क्रिकेट खेलने की गतिविधियों के लिए बनाया गया है।
• परिवार को एक संघ भी माना जाता है।

**65. Which of the following characteristics separates the human society from the animal society:/निम्नलिखित अभिलक्षणों में कौन मानव समाज को पशु समाज से पृथक करता है:**

(a) Cultrue/संस्कृति
(b) Organization/संगठन
(c) Language/भाषा
(d) Concept of territory/क्षेत्र की अवधारणा

**Ans. (a) :** मानव समाज पशु समाज से अलग करने वाला प्रमुख अभिलक्षण संस्कृति है।

• जानवर भी सामाजिक समुदाय में रहते हैं, मानव समाज सभ्यता और संस्कृति पर आधारित होते हैं।
• संगठन, भाषा और क्षेत्र की अवधारणाएँ भी मानव समाज के महत्वपूर्ण आधार हैं, लेकिन संस्कृति व्यापक रूप से ढँकी हुई है जो मानव और पशु समाज के बीच सामान्य अंतर स्थापित करती है।

**66. The concept of public interest litigation originated in:/जनहित याचिका की अवधारणा की उत्पति हुई:**

(a) The United Kingdom/युनाइटेड किंगडम में
(b) Australia/ऑस्ट्रेलिया में
(c) The United States of America/संयुक्त राज्य अमरीका में
(d) Canada/कनाडा में

**Ans. (c) :** जनहित याचिका की अवधारणा अमेरिका में 1960 के दशक में शुरू हुई ताकि वंचित और हाशिए पर पड़े लोगों (जैसे- अल्संख्यक, कैरी, श्रमिक) को कानूनी मदद मिल सके, और इसे सामाजिक कार्यवाही याचिका भी कहा जाता है। भारत में इसे न्यायधीश पी.एन. भगवती और वी.आर. कृष्ण अय्यर ने लोक प्रिय बनाया।

**67. The family courts in Uttar Pradesh do not hear matters relation to:/उत्तर प्रदेश में कुटुम्ब न्यायालय निम्नलिखित में किस विषय-संबंधित सुनवाई नही करता है:**

(a) Marriage/विवाह
(b) Maintenance/गुजारा
(c) Husband-wife relations/पति-पत्नी सम्बंध
(d) Extramarital affairs/इतर-वैवाहिक मामले

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश में कुटुम्ब न्यायालय की स्थापना कुटुंब न्यायालय अधिनियम 1934 के तहत की जाती है, जिनका मुख्य उद्देश्य विवाह, परिवार से जुड़े विवादों (जैसे-तलाक, भरण-पोषण, संरक्षकता) का आपसी सुलह और समझौते के जरिए जल्दी और प्रभावी ढंग से निपटारा करना है, ताकि परिवारों को लम्बा कानूनी संघर्ष न करना पड़े। ध्यातव्य है कि कुटुम्ब न्यायालय इतर वैवाहिक मामलों की सुनवाई नहीं करता है।

**68. The judge of a high court is appointed by the: उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति की जाती है:**

(a) Chief justice of India
भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा
(b) Governor of the state/राज्य के राज्यपाल द्वारा
(c) Chief Minister of the state
राज्य के मुख्य मंत्री द्वारा
(d) President of India/भारत के राष्ट्रपति द्वारा

**Ans. (d) :** उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है, जिसमें भारत के मुख्य न्यायधीश संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश और राज्य के राज्यपाल के साथ संविधान के अनुच्छेद 2017 के तहत परामर्श प्रक्रिया शामिल होती है, जिसे कालेजियम प्रणाली के रूप में जाना जाता है।

**69. Papeti is the festival of: पापेती त्योहार है:**

(a) Parsis/पारसियों का (b) Sikhs/सिक्खों का
(c) Jains/जैनों का (d) Buddhists/बौद्धों का

**Ans. (a) :** पापेती त्योहार पारसी या (ज़ोरोस्ट्रियन) समुदाय द्वारा मनाया जाता है। यह त्योहार पारसी कैलेंडर के अंतिम दिन, जो नवरोज (नववर्ष) से ठीक पहले आता है। 'पपेती' शब्द का शाब्दिक अर्थ 'पश्चाताप' होता है, इस दिन लोग अपने गलत विचारों शब्दों और कर्मों के लिए पश्चाताप करते हैं, क्षमा मांगते हैं और नया वर्ष शुद्ध मन से शुरू करने का संकल्प लेते हैं।

**70. In the Hindu cultural system the major goal of 'Kan' is:/हिन्दू सांस्कृतिक व्यवस्था में काम का मुख्य लक्ष्य है:**

(a) Sexual pleasure for the individual/व्यक्ति के लिए योनिक आनन्द
(b) Procreation of children/बच्चों की उत्पत्ति
(c) A duty of Grihastha Ashram/गृहस्थ आश्रम का कर्त्तव्य
(d) The way to 'Moksha'/मोक्ष का मार्ग

**Ans. (c) :** हिंदू सांस्कृतिक व्यवस्था में 'काम' (इच्छा, सुख) का मुख्य लक्ष्य भौतिक सुख सुविधाओं और इंद्रिया भोगों की पूर्ति है या गृहस्थ आश्रम के कर्तव्यों का निर्वहन करना है, लेकिन इसे अकेले नहीं देखा जाता अपितु धर्म (नैतिकता, कर्तव्य), अर्थ (धन और समृद्धि) और मोक्ष (आध्यात्मिक मुक्ति) के साथ चार पुरूषार्थों में से एक माना जाता है, जिसका अन्तिम उद्देश्य आत्म शुद्धि एवं जीवन के सभी पहलुओं में संतुलन स्थापित कर परम सत्य (मोक्ष) की ओर बढ़ना है।

**71. Yakshgana is folk dance-drama of:/यक्षगान एक लोकनाट्य-नृत्य है:**

(a) Maharashtra/महाराष्ट्र का
(b) Karnataka/कर्नाटक का
(c) Gujarat/गुजरात का
(d) West Bengal/पश्चिम बंगाल का

**Ans. (b) :** यक्षगान कर्नाटक का एक पारम्परिक और जीवंत नृत्य-नाट्य रूप है, जिसका अर्थ है 'दिव्य संगीत' है, जिसमें नृत्य, संगीत, संवाद, विस्तृत वेशभूषा और कहानी कहने का अद्‌भुत मिश्रण होता है, जो मुख्य रूप से रामायण और महाभारत की कथाओं पर आधारित होता है।

**72. A 600 MW thermal power plant is being installed by the Birla group at:/बिड़ला समूह द्वारा 600 मेगावाट क्षमता के ताप विद्युत संयंत्र का निर्माण किया जा रहा है:**

(a) Harduaganj/हरदुआगंज में
(b) Pratappur/प्रतापपुर में
(c) Roza/रोजा में
(d) Parichchha/परिच्छम में

**Ans. (c) :** शाहजहाँपुर जिले के रोजा में आदित्य बिड़ला समूह द्वारा 600 मेगावॉट के ताप विद्युत संयंत्र (कोयला आधारित) की स्थापना की गयी थी जिसका वर्ष 2006 में 'रिलायंस पावर' द्वारा अधिग्रहण कर लिया गया और इसकी क्षमता को बढ़ाकर 1200 मेगावाट कर दिया गया।

**73. 'Kisam Mitra Yojna' was started in U.P. in the year:/उत्तर प्रदेश में 'किसान मित्र योजना' का आरम्भ हुआ था वर्ष:**

(a) 2001/2001 मे
(b) 2002/2002 मे
(c) 2003/2003 मे
(d) 2004/2004 मे

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश में किसान मित्र योजना मूल रूप से ग्रामीण स्तर पर किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए 18 जून 2001 को शुरू की गई थी।

**74. The aim of increasing the prices of distributed food grains under the Public Distribution System is to:/सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरित खाद्यान्न की कीमत बढ़ाने का उद्देश्य है:**

(a) Ensure attractive prices to farmers/किसानों को अच्छी कीमत सुनिश्चित करना
(b) Control the consumption of food grains/खाद्यान्नों के उपभोग को नियंत्रित करना
(c) Reduce the burden of involved subsidy in the system/इस प्रणाली में निहित उपदान का भार कम करना
(d) Earn profit from the system/इस प्रणाली से लाभ कमाना

**Ans. (c) :** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत वितरित खाद्यान्न की कीमत बढ़ाने का उद्देश्य प्रणाली में निहित उपदान का भार करना तथा प्रणाली को अधिक कुशल, पारदर्शी और पोषण-केंद्रित बनाने के लिए सरकारी प्रयासों का हिस्सा है, न कि गरीबों से ज्यादा पैसे वसूलने का जरिया।

**75. According to Vijolia Rock Inscription, the Sambhar lake was constructed by:/विजोलिया शिलालेख के अनुसार सांभर झील का निर्माण कराया था:**

(a) Vasudeva/वासुदेव ने
(b) Durlabhraj/दुर्लभराज ने
(c) Vatsraja/वत्सराज ने
(d) Govindraja/गोविन्दराज ने

**Ans. (a) :** बिजोलिया शिलालेख के अनुसार सांभर झील का निर्माण चौहान वंश के आदि पुरुष या संस्थापक वासुदेव चौहान द्वारा 551 ई. में की गयी थी। यह शिलालेख बिजोलिया के पार्श्वनाथ जैन मंदिर के पास चट्टान पर संस्कृत भाषा में उत्कीर्ण है।

**76. Rakhigarhi site in Haryana is related to:/ हरियाणा में राखीगढ़ी स्थल सम्बंधित है:**

(a) Palaeolithic period/पूर्वपाषण काल से
(b) Mesolithic perriod/मध्यपाषाण काल से
(c) Meolithic period/नवपाषाण काल से
(d) Harappan period/हड़प्पन काल से

**Ans. (d) :** हरियाणा के हिसार जिले में स्थित राखीगढ़ी भारत में (वर्तमान शोधों के अनुसार समस्त हड़प्पा स्थलों में) सबसे बड़ा हड़प्पा स्थल है। इस स्थल की खोज 1968-69 में डॉ. सूरजभान के नेतृत्व में की गयी। यह प्राचीन सरस्वती (घग्घर-हाकरा) नदी के मैदान में स्थित है।

**77. Who among the following were famous jurists of medieval India:/निम्नलिखित में कौन मध्यकालीन भारत के प्रसिद्ध न्यायाधीश थे:**

1. **Vijnanesvara/विज्ञानेश्वर**
2. **Hemadri/हेमाद्रि**
3. **Rajshekher/राजशेखर**
4. **Jimutvahan/जीमूतवाहन**

**Select the correct answer using the code given below:/नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजियेः**

**Code/कूटः**

(a) 1, 2 and 3/1, 2 तथा 3 (b) 2, 3 and 4/2, 3 तथा 4
(c) 1, 2 and 4/1, 2 तथा 4 (d) 1 and 4/1 तथा 4

**Ans. (d) :** मध्यकालीन भारत के प्रसिद्ध न्यायधीशों में विज्ञानेश्वर और जिमूतवाहन थे, जिन्होंने हिंदू कानूनों पर महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे। उदाहरण के लिए विज्ञानेश्वर का मिताक्षरा और जीमूतवाहन का 'दायभाग' जो उत्तराधिकार और सम्पत्ति कानून के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा हेमाद्रि भी महत्वपूर्ण विधि ग्रंथकार थे, परन्तु न्यायाधीश नहीं।

**78. Which of the following cultures is associated with the beginning of agriculture and domestication of animals:/निम्नलिखित संस्कृतियों में कौन कृषि तथा पशु-पालन के प्रारम्भ से सम्बंधित हैः**

(a) Palaeolithic/पूर्वपाषाणकालीन
(b) Neolithic/नवपाषाणकालीन
(c) Mesolithic/मध्यपाषाणकालीन
(d) Chalcolithic/ताम्रपाषाणकालीन

**Ans. (b) :** कृषि और पशुपालन की शुरुआत मुख्य रूप से नवपाषाणकाल से हुई जब मानव शिकारी संग्राहक से किसान चरवाहा बना, जिससे अनाज उगाना और भेड़, बकरी, मवेशी जैसे जानवरों को पालना शुरू हुआ, जो हड़प्पा जैसी संस्कृतियों का आधार बना।

**79. Which of the following mesolithic sites in India has revealed human skeleton with ornaments: भारत के निम्नलिखित मध्यपाषाकालीन स्थलों में किससे मानव कंकाल के साथ आभूषण मिले हैंः**

(a) Mahadaha/महदहा
(b) Sarai Nahar Rai/सराय नाहर राय
(c) Langhnaj/लंघनाज
(d) Bagor/बागोर

**Ans. (a) :** भारत में मध्य पाषाण काल के कई स्थलों से मानव कंकाल मिले हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश के महदहा, सराय नाहर राय और दमदमा जैसे पुरास्थलों पर कंकाल के साथ-साथ हड्डी या शंख के बने आभूषण मिलने के सबसे महत्वपूर्ण और प्रमाणिक साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। यद्यपि आयोग द्वारा इस प्रश्न का उत्तर केवल (A) - महदहा को ही माना गया है, परन्तु विकल्प (B) - सराय नाहर राय भी सही है।

**80. The ashoka pillar, depicting the victories of samudragupta, is located at:/अशोक स्तम्भ, जिस पर समुद्रगुप्त की विजयगाथा दर्शाई गई है, अवस्थित हैः**

(a) Allahabad/इलाहाबाद में (b) Samath/सारनाथ में
(c) Mathura/मथुरा में (d) Ujjain/उज्जैन में

**Ans. (a) :** समुद्रगुप्त की विजयगाथा वाला अशोक स्तम्भ प्रयागराज के किले के अन्दर स्थित है। इसे 'प्रयाग प्रशस्ति' के नाम से जाना जाता है। इसकी रचना समुद्रगुप्त के मंत्री हरिषेण द्वारा की गयी थी। इस स्तम्भ पर समुद्रगुप्त और अशोक के अलावा मुगल बादशाह जहाँगीर का भी लेख है।

**81. Liberhan Commission is related to:/लिब्रहान आयोग सम्बंधित हैः**

(a) Stock-market scam/स्टॉक बाजार घोटाले से
(b) Anti-Sikh riots of Delhi/दिल्ली के सिख विरोधी दंगों से
(c) Gaisal train accident/गैसल रेल दुर्घटना से
(d) Demolition of Babri Masjid/बाबरी मस्जिद विध्वंस से

**Ans. (d) :** लिब्रहान आयोग 1992 में अयोध्या में बाबरी मस्जिद के विध्वंस की जाँच से संबंधित है। इसका गठन भारत सरकार द्वारा इस घटना और उसके बाद हुई घटनाओं के अनुक्रम की पड़ताल करने के लिए किया गया था। यह भारत के सबसे लंबे समय तक चलने वाले जाँच आयोगों में से एक था, जिसने लगभग 17 साल बाद अपनी रिपोर्ट सौंपी।

**82. Mahatma Buddha attained Mahaparinirvana at:/महात्मा बुद्ध ने महापरिनिर्वाण प्राप्त किया थाः**

(a) Kapilavastu/कपिलवस्तु में
(b) Pataliputra/पाटलिपुत्र में
(c) Kushinagar/कुशीनगर में
(d) Gaya/गया में

**Ans. (c) :** महात्मा बुद्ध का महापरिनिर्वाण कुशीनगर (कसया उ.प्र.) में हुआ था। यह स्थान बौद्ध धर्म के लिए महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है, यहाँ महापरिनिर्वाण मंदिर में शयन मुद्रा में महात्मा बुद्ध की विशाल प्रतिमा स्थापित है जो उनके अंतिम क्षणों को दर्शाती है।

**83. The first modern universities in India were established at:/भारत में प्रथम आधुनिक विश्वविद्यालयों की स्थापना की गयी थीः**

(a) Calcutta, Bombay and Madras/कलकत्ता बम्बई तथा मद्रास में
(b) Delhi, Allahabad and Bombay/दिल्ली, इलाहाबाद तथा बम्बई में
(c) Lucknow, Calcutta and Madras/लखनऊ, कलकत्ता तथा मद्रास में
(d) Bangalore, Madras and Patna/बंगलौर, मद्रास तथा पटना में

**Ans. (a) :** भारत में प्रथम आधुनिक विश्वविद्यालयों की स्थापना ब्रिटिश गवर्नर जनरल केनिंग द्वारा सन् 1857 को कलकत्ता (कोलकाता) मद्रास (चेन्नई) और बम्बई (मुंबई) में की गई थी, जो लंदन विश्वविद्यालय के तर्ज पर थे।

**84. The Headquarter of Environmental Education is located at:/पर्यावरण शिक्षा का मुख्यालय अवस्थित हैः**

(a) Bangalore/बंगलौर में
(b) Ahmedabad/अहमदाबाद में
(c) New Delhi/नई दिल्ली में
(d) Jaipur/जयपुर में

**Ans. (b) :** पर्यावरण शिक्षा का मुख्यालय अहमदाबाद के गुजरात में स्थित है, जिसे भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय के तहत एक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में 1984 में स्थापित किया गया था ताकि पर्यावरण जागरूकता और सतत् विकास शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके।

**85. The distance education in India is a matter of:**
**भारत में दूरस्थ शिक्षा विषय है:**

(a) Choice/विकल्प का (b) Need/आवश्यकता का
(c) Comfort/सुविधा का (d) Luxury/विलासिता का

**Ans. (c) :** भारत में दूरस्थ शिक्षा एक महत्वपूर्ण और विकसित हो रहा शिक्षा का माध्यम है, जो छात्रों को घर बैठे या अपनी सुविधा के अनुसार कहीं से भी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देता है, खासकर उन लोगों के लिए जो पारम्परिक कक्षाओं में शामिल नहीं हो सकते हैं। अतः स्पष्ट है कि भारत में दूरस्थ शिक्षा सुविधा का विषय है।

**86. Jamia Millia Islamia was founded by:**
**जामिया मिलिया इस्लामिया संस्थापित की गई थी:**

(a) Zakir Hussain/जाकिर हुसैन द्वारा
(b) Abul Kalam Azad/अबुल कलाम आजाद द्वारा
(c) Mohammad Ali Jinnah/मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा
(d) Maulana Mohammad Ali/मौलाना मोहम्मद अली द्वारा

**Ans. (d) :** जामिया मिलिया इस्लामिया की स्थापना 29 अक्टूबर, सन् 1920 को अलीगढ़ में राष्ट्रवादी नेताओं और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा की गई थी। मौलाना मोहम्मद अली 'जौहर' हकीम अजमल खान, डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी और अब्दुल मजीद ख्वाजा ने की थी। जबकि डॉ. जाकिर हसैन ने विश्वविद्यालय के पुनरोत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोग द्वारा इसका उत्तर डॉ. जाकिर हुसैन को माना गया है जो त्रुटिपूर्ण है।

**87. Which of the following commissions was constituted for centre-State relations?/ निम्नलिखित आयोगों में कौन केन्द्र-राज्य सम्बंधों के विषय में है?**

(a) Mandal Commission/मण्डल कमीशन
(b) Sarkaria Commission/सरकारिया कमीशन
(c) Chellaih Commission/चिलैया कमीशन
(d) Verma Commission/वर्मा कमीशन

**Ans. (b) :** भारत में केंद्र राज्य संबंधों को लेकर निम्न प्रमुख आयोगों की स्थापना की गयी है, उदाहरण के लिए -
सरकारिया आयोग 1983 - सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर.एस. सरकारिया की अध्यक्षता में किया गया था, आयोग के अन्य सदस्य बी. शिवरामन और डॉ. एस.आर सेन थे। इसके अलावा पुंछी आयोग का गठन 2007 में तथा राजमन्नार आयोग का गठन 1969 में (तमिलनाडु सरकार द्वारा) किया गया था।
ध्यातव्य है कि मंडल कमीशन पिछड़ा वर्ग आरक्षण, चलैया कमीशन फरवरी 2000 में संविधान के काम-काज की समीक्षा के लिए एवं वर्मा कमीशन 1999 मौलिक कर्त्तव्यों एवं 2012 में यौन अपराधों एवं शिक्षक शिक्षा पर आधारित था।

**88. Which of the following is not a fundamental duty?/निम्नलिखित में कौन मूल कर्तव्य नहीं है?**

(a) To respect the National Anthem/राष्ट्रीय गान का आदर करना
(b) To safeguard public property/राष्ट्रीय सम्पति की रक्षा करना
(c) To protect monuments and places of national interest/राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों तथा स्थानों की रक्षा करना
(d) To protect and improve the natural environment/प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण एवं सुधार करना

**Ans. (c) :** राष्ट्रीय गान का आदर करना, राष्ट्रीय सम्पत्ति या सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करना तथा प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण एवं सुधार करना मूल कर्त्तव्य हैं जबकि राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों या स्थानों की रक्षा करना मौलिक कर्त्तव्य नहीं है।

**89. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**Assertion (A): Some statem in India do not have a second chamber.**
**कथन (A): भारत के कुछ राज्यों में दूसरा सदन नहीं है।**
**Reason (R): Uttar Pradesh has a bicameral legislature.**
**कारण (R): उत्तर प्रदेश में द्विसदनीय विधान मण्डल है।**
**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:**
**Code/कूट:**

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A/ A तथा R दोनों सत्य हैं तथा R सही व्याख्या है A की
(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A/ A तथा R दोनों सत्य हैं किन्तु R सही व्याख्या नहीं है A की
(c) A is true but R is false/ A सत्य है किन्तु R गलत है
(d) A is false but R is true/ A गलत है किन्तु R सही है

**Ans. (b) :** वर्तमान में भारत में ऐसे 6 राज्य हैं, जहाँ पर दूसरा सदन (विधान परिषद) स्थित है अतः पहला कथन सत्य है, द्विसदनीय विधान मंडल वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना है अतः दूसरा कथन भी सत्य है, परन्तु कारण कथन की व्याख्या नहीं करता है।

**90. The executive power of the state is vested in the:**
**राज्य की कार्यपालक शक्ति निहित है:**

(a) Governor/राज्यपाल में
(b) Cabinet/मंत्रिमण्डल में
(c) Legislature/विधायिका में
(d) Chief secretary/मुख्य सचिव में

**Ans. (a) :** राज्य की कार्यपालक शक्ति 'राज्यपाल' में निहित होती है, जो संविधान के अनुसार इसका उपयोग स्वयं या अपने अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से करता है। राज्यपाल राज्य के संवैधानिक प्रमुख होते हैं जबकि मुख्यमंत्री वास्तविक कार्यकारी शक्तियों का प्रयोग करते हैं।

91. **Politics is concerned with:/ राजनीति का सम्बंध हैः**

1. **The affairs of the state/राज्य के मामलों से**
2. **Policy-making/नीति-निर्माण से**
3. **Aquisition of power/सत्ता के अर्जन से**
4. **Fornation of Government/सरकार के गठन से**

**Select the correct answer from the code given below:/नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनियेः**

**Code/कूटः**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 1 and 2/1 तथा 2
(c) 2, 3 and 4/2, 3 तथा 4
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** राजनीति का सम्बन्ध राज्य के मामलों से, नीतियों के निर्माण से, सत्ता के अर्जन से तथा सरकार के गठन से है, अर्थात् राजनीति उन गतिविधियों का समूह है जो समूहों में निर्णय लेने, शक्ति के बंटवारे, और शासन से संबंधित होती है, जिसमें सरकार का गठन, कानून बनाना और संसाधनों का वितरण शामिल है।

92. **Select the correct chronological order of the creation of the followingstates of India by using the code given below:/भारत के निम्नलिखित राज्यों के गठन के सही कालक्रम का चयन नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुये कीजियेः**

1. **Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश**
2. **Punjab/पंजाव**
3. **Maharashtra/महाराष्ट्र**
4. **Nagaland/नागालैण्ड**

**code/कूटः**

(a) 1, 3, 4 and 2/1, 3, 4 तथा 2
(b) 1, 2, 3 and 4/1, 2, 3 तथा 4
(c) 2, 1, 4 and 3/2, 1, 4 तथा 3
(d) 4, 3, 2 and 1/4, 3, 2 तथा 1

**Ans. (a) :** भारत में राज्य पुनगर्ठन अधिनियम 1956 के आधार पर राज्यों के पुनगर्ठन का क्रम निम्नवत् है -

| | | |
|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | - | 1 नवम्बर, 1956 |
| पंजाब | - | 1 नवम्बर, 1966 |
| महाराष्ट्र | - | 1 मई, 1960 |
| नागालैंड | - | 1 दिसम्बर, 1963 |

अतः अभीष्ट उत्तर 1, 3, 4, 2 आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, नागालैंड एवं पंजाब है।

93. **Of the 545 members of Lok Sabha, how many of them are elected from the unionterritories: लोकसभा के 545 सदस्यों में कितने सदस्य संघीय क्षेत्रों से निर्वाचित होते हैः**

(a) 23 (b) 13
(c) 33 (d) 43

**Ans. (b) :** लोकसभा के 545 सदस्यों में से 13 सदस्य, संघशासित क्षेत्रों (केंद्र शासित क्षेत्र) से चुने जाते हैं जबकि 530 सदस्यों का चुनाव राज्यों से होता है। उल्लेखनीय है कि 2 सदस्यों का मनोनयन राष्ट्रपति द्वारा आंग्ल भारतीय समुदाय से किया जाता था परन्तु 104वें संशोधन द्वारा यह व्यवस्था समाप्त कर दी गयी।

94. **The number of languages included at present in the eighth schedule are:/ आठवीं अनुसूची में वर्तमान में सम्मिलित कुल भाषाओं की संख्या हैः**

(a) 19 (b) 20
(c) 22 (d) 25

**Ans. (c) :** भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्तमान में कुल 22 भाषाएँ संकलित हैं, जिन्हें आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त है और ये भारत की भाषाई विविधता एवं समृद्धता को दर्शाती है। इनमें असमिया, बंगाली, हिन्दी, तमिल, उर्दू बोडो, डोगरी, मैथिली, संथाली, संस्कृत, कन्नड़, कश्मीरी, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तेलगु कोंकणी, मणिपुरी, नेपाली, गुजराती एवं सिंधी हैं।

95. **Which of the following states does not have a high court of its own:/निम्नलिखित राज्यों में किसका अपना उच्च न्यायालय नहीं हैः**

(a) Sikkim/सिक्किम
(b) Bihar/बिहार
(c) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश
(d) Manipur/मणिपुर

**Ans. (d) :** प्रश्नकाल के दौरान मणिपुर का अपना उच्च न्यायालय नहीं था जबकि सिक्किम, बिहार और हिमाचल प्रदेश के अपने-अपने उच्च न्यायालय थे। हालांकि अब मणिपुर का अपना उच्च न्यायालय है, जो वर्ष 2013 में स्थापित किया गया। मणिपुर उच्च न्यायालय का परिसर इम्फाल में अवस्थित है।

96. **Which of the following states has the ancient remains of Nalanda University:/नालन्दा विश्वविद्यालय का प्राचीन अवशेष निम्नलिखित राज्यों में किसमें हैः**

(a) U.P./यू.पी.
(b) Bihar/बिहार
(c) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(d) Orissa/उड़ीसा

**Ans. (b) :** नालंदा विश्व विद्यालय के प्राचीन अवशेष बिहार राज्य में अवस्थित है, इस विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्त सम्राट कुमारगुप्त द्वारा 5वीं शताब्दी ईसवी में की गयी थी, यह दुनिया का पहला पूरी तरह से आवासीय विश्वविद्यालय था, इसे 12वीं सदी में बख्तियार खिलजी द्वारा नष्ट कर दिया गया था।

97. **Which of the following thoughts distinguishes Jaimism from Buddhism:/ निम्नलिखित विचारों में कौन जैन धर्म को बुद्ध धर्म से पृथक करता हैः**

(a) Practice of eight-fold path/अष्टांगिक मार्ग का आचरण
(b) Rejection of the infallibility vedas/वेदों के भ्रमाती तत्व का निषेध
(c) Attribution of soul to all beings and things/आत्मा का सभी जीवों एवं वस्तुओं पर आरोपण
(d) Belief in rebirth/पुनर्जन्म में विश्वास

**Ans. (c) :** जैन धर्म को बौद्ध धर्म से पृथक करने वाला मुख्य विचार आत्मा (जीव) की अवधारणा और अहिंसा के प्रति अति कठोर दृष्टिकोण है।